**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय होलकर**
**(आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर**

भंवरकुआ, ए.बी. रोड़, इन्दौर (म.प्र.) फोन–0731–2446806 Email-heghscind@mp.gov.in, principalhsc@rediffmail.com


---

दिनांक :– 31.10.2025

# आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, आचरण, अनुशासन एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन हेतु काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इस सत्र में विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई, करियर योजना, परीक्षा तैयारी तथा अन्य शैक्षणिक समस्याओं के समाधान हेतु व्यक्तिगत परामर्श प्रदान किया जाएगा।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण विद्यार्थियों की काउंसलिंग करेंगे। काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ–साथ उनके आचरण, अनुशासन, सहपाठी व्यवहार तथा महाविद्यालय में आचरण संबंधी मानदंडों पर भी विशिष्ट मार्गदर्शन दिया जाएगा। विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे अनुशासन का पालन करते हुए अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें।

**काउंसलिंग की तिथि :– दिनांक 04.11.2025 से 20.11.2025 तक**
**समय :– दोपहर 2.40 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक**
**स्थान :– संबंधित काउंसलर के विभाग में संबंधित काउंसलर की जानकारी पृथक से दी जाएगी।**

सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे सक्रिय रूप से इस सत्र में भाग लें तथा प्राप्त मार्गदर्शन को अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास में अपनाएँ।

प्रभारी    प्रशासनिक अधिकारी    उप–प्राचार्य    प्राचार्य